दिनांक : 03.10.2024 समय : 02.10pm

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज हरियाणा के झज्जर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कप्तान बिरधाना के समर्थन में आयोजित रोड शो में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि अपार जन-समर्थन से स्पष्ट है कि हरियाणा में राष्ट्रवाद की लहर है, 'मोदी की गारंटी' पर अटूट जन-विश्वास है और राज्य में भाजपा की हैट्रिक जीत सुनिश्चित है। बीते 10 वर्षों से सुशासन, सुरक्षा और विकास को सर्वोपरि रखती आई भाजपा को यहां की जनता-जनार्दन प्रचण्ड मतों से विजयी बनाकर चहुंओर समृद्धि का कमल खिलाने जा रही है।

स्वच्छता ही सेवा

पिछले दिनो स्वच्छता ही सेवा तहत प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान बैतुल में स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन किया गया। प्रदेश सरकार ने इसे सराहते हुए सम्मानित किया। और जानकारी हमारे बैतुल संवाददाता से।

नशा मुक्ति

मंदसौर जिले में 2 अक्टूबर से मध्य निषेध सप्ताह का शुभारंभ किया गया है। इसके तहत 8 अक्टूबर तक जिले में विभिन्न सामाजिक आयोजन कर नशे के दुष्परिणामों के बारे में आमजन को जागरूक किया जाएगा। और जानकारी दे रही है
जिले की एडीएम एकता जायसवाल

मुख्य सचिव

राज्य शासन के 35 वें मुख्य सचिव के रूप में 1989 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अनुराग जैन ने आज मंत्रालय में पदभार ग्रहण किया। मुख्य सचिव श्री जैन का जन्म ग्वालियर में हुआ है। वह मंडला, मंदसौर, भोपाल जिलों में कलेक्टर के पद पर रहें है। मुख्य सचिव श्री जैन भारत सरकार में भी प्रतिनियुक्ति पर प्रमुख पदों पर पदस्थ रहे।

मन की बात-10 साल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के आज दस **वर्ष पूरे हो गये** हैं।

2014 में आज ही के दिन श्री मोदी ने आकाशवाणी पर इस कार्यक्रम के माध्यम से देशवासियों के साथ अपने विचार साझा करना शुरू किया था। कार्यक्रम की दस वर्षों की इस यात्रा में, प्रधानमंत्री ने महत्वपूर्ण सामाजिक, सांस्कृतिक, पर्यावरण संरक्षण और सामान्य व्यवहार जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। मन की बात कार्यक्रम प्रधानमंत्री और आम नागरिकों के बीच संवाद का एक सशक्त माध्यम बन चुका है।

पीएम-नवरात्रि

आज से शारदीय नवरात्र की शुरुआत हो गई है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि शक्ति-वंदना को समर्पित यह पावन पर्व सभी के लिए शुभकारी सिद्ध हो। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि मां शैलपुत्री का आशीर्वाद सभी देश-वासियों मिलेगा। है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने चिकित्सा शिक्षा आयुक्त तरुण कुमार पिथोडे की पुस्तक 'मास्टर योर डेस्टिनी-लैसंस फ्रॉम लोहानी' का आज नई दिल्ली में विमोचन किया।
- कटनी जिले मेंफाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत गांवों में नाइट ब्लड सर्वे शुरू कर दिया गया है। इसके तहत 300 लोगों के फाइलेरिया जांच के लिए खून नमूने लिए गए हैं।

....